an>

Title: Regarding law and order situation in Uttar Pradesh.

कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): सभापति महोदय, आपने बहुत ही महत्वपूर्ण विÂ◌ाय पर मुझे बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं बुंदेलखंड के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। हमारे उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा वहां पर अधिकारियों पर दबाव बनाने के कारण दिन प्रतिदिन लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति खराब होती जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र में छात्राओं का विद्यालय जाना भी कठिन हो गया है। मेरे यहां बेंवार गांव में समाजवादी पार्टी के कुछ लोगों द्वारा एक छात्रा से बदतमीजी की गयी है। जब उसके परिवार के लोग थाने में गये लेकिन वहां एफ.आई.आर. नहीं लिखी गयी तो उसने अपने घर जाकर आत्मदाह कर लिया, जिसके कारण पूरे गांव के लोग आंदोलित हो गये। उसके बाद जब उन्होंने हाईवे जाम किया तो उत्तर प्रदेश की सरकार के इशारे पर वहां की पुलिस ने, प्रशासन ने वहां पर गोली चलायी, एक छात्र को गोली लगी और उसकी मृत्यु हो गयी। पिछले सात दिनों से वहां पर पूरा बाजार बंद है, सभी लोग सड़कों पर हैं, जिला मुख्यालय पर धरणा चल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन है कि उत्तर प्रदेश की सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाये और वहां पर जितनी भी अराजकता का वातावरण है, उससे निजात दिलायी जाये।

HON. CHAIRPERSON : *m02 Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Kunwar Pushpendra Singh Chandel. The House stands adjourn to meet tomorrow 5 August, 2015 at 11.00 a.m.

<u>20.17 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, August 5, 2015/ Shravana 14, 1937 (Saka).